Title: Need to provide dwelling units to transgender people under Pradhan Mantri Awas Yojana.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और पीएमएवाई (ग्रामीण) के तहत ट्रांसजेंडरों के लिए स्थायी आवास की व्यवस्था करनी चाहिए। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को अक्सर अपनी लैंगिक पहचान से जुड़ी सामाजिक संकीर्णता के कारण एक अच्छे इलाके में घर खरीदने या किराए पर घर लेने में मुश्किल होती है, इसलिए यह योजना उनके लिए सम्मानजनक और सम्मानित जीवन जीने में मददगार होगी। हम आम तौर पर इस हाशिए के समुदाय के लिए आश्रय गृह या छात्रावास सुविधाओं के बारे में सुनते हैं, ट्रांसजेंडर के लिए स्थायी और समर्पित आवास समाधान की आवश्यकता है ताकि वह लोग फ्लैट के मालिक हों, परिसर के मालिक हों और एक सम्मानित जीवन जी सकें ट्रांसजेंडर समुदाय को समर्पित आवास सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) निधियों और अन्य स्रोतों से शेष धन की व्यवस्था की जा सकती है।